आकाशवाणी श्री विजयपुरम

17.08.2025 समय : 1850

- उपराष्ट्रपति प्रत्याशी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में चल रही है।
- प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली में ग्यारह हजार करोड़ रूपए की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया।
- ननकौड़ी में दो दिवसीय जनजातीय खाद्य महोत्सव पर द्वीपसमूह की समृद्ध पाक विरासत का प्रदर्शन किया गया।
- अंडमान निकोबार राज्य शतरंज चैम्पियनशिप के विजेता राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

<><><><><><>

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में चल रही है। इसमें उप–राष्ट्रपति चुनाव के प्रत्याशी पर चर्चा की संभावनाएं है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को उप–राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने के लिए अधिकृत किया है। चुनाव के लिए बृहस्पतिवार तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं और मतदान नौ सितम्बर को होगा। यह चुनाव इस पद से श्री जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण हो रहा है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में ग्यारह हज़ार करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पिछले दस वर्षों में सडक संपर्क में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। इन परियोजनाओं में द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क– यू.ई.आर–2 शामिल हैं। ये परियोजनाएं राष्ट्रीय राजधानी में भीड़–भाड़ कम करने की सरकार की व्यापक योजना के अंतर्गत विकसित की गई हैं। इन सडक परियोजनाओं से दिल्ली की इनर और आउटर रिंगरोड के साथ–साथ मुकरबा चौक, धौला कुआँ और एन.एच–9 जैसे व्यस्त स्थानों पर यातायात सुगम हो जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से एड्स जागरूकता पर एक मैराथन का आयोजन किया गया। ये मैराथन सेल्यूलर जेल से फ्लैग पॉइट तक आयोजित की गई थी। यह मैराथन ए.एन.एम प्रशिक्षण स्कूल और नर्सिंग स्कूल के रेड रिबन क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के संकाय के साथ–साथ नर्सिंग छात्रों और ए.एन.एम छात्रों ने एच.आई. वी–एड्स के खिलाफ लड़ाई में जागृति, रोकथाम और देखभाल का संदेश दिया। मैराथन को सेल्यूलर जेल से ए.एन.ए.सी.एस के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रतो साहा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर द्वीपसमूह वासियों को एच आई वी मुक्त समाज बनाने की शपथ भी दिलाई गई।

<><><><><><>

उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दो दिवसीय ब्लॉक मेला सह जनजातीय खाद्य महोत्सव का कामोर्टा के हॉकी मैदान में आयोजन किया गया। यह महोत्सव भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन और नागरिकों के बीच संपर्क को बढ़ाना, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, उद्यमिता और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम निकोबार जनपद के उपायुक्त अमित काले के सहयोग से किया गया था। उद्‌घाटन समारोह में मुख्य अतिथि आदित्य संगोत्रा उपस्थित रहे। ननकौड़ी

क्षेत्र में पहली बार वर्चुअल रियलिटी शो प्रदर्शित किया गया, जिसमें डेरिंग, मुनक, होड़ी जाति और कमोर्टा प्राकृतिक बंदरगाह के आदिवासी गाँवों का त्रि–आयामी अन्वेषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पशुचिकित्सा सेवाएं, कृषि, मत्स्य पालन, अग्निशमन, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, भारतीय स्टेट बैंक और आई.एन.एस कारद्वीप सहित कई सरकारी विभागों ने योजनाओं और सेवाओं के बारे में स्थानीय नागरिकों को जागरुक किया। कच्छाल, तेरेसा और बुंदरखाड़ी जैसे दूर–दराज के गाँवों और द्वीपों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वयं सहायता समूहों के एक सौ पचास से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। इस आयोजन का एक विशेष आकर्षण जनजातीय खाद्य महोत्सव था जिसमें स्वयं सहायता समूहों द्वारा निकोबारी व्यंजनों नारियल, पांडनस, तारो, रतालू और ताज़ा समुद्री भोजन से तैयार पारंपरिक व्यंजन द्वीपों की समृद्ध पाक विरासत को भी प्रदर्शित किया गया। डांस ननकौड़ी डांस प्रतियोगिता ने युवा ऊर्जा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के साथ मंच को जीवंत कर दिया। पुरुष और महिला रस्सा–कशी, नारियल कद्दूकस करना, हाथ कुश्ती और पास द बॉल खेलों ने स्थानीय लोगों का जमकर मनोरंजन किया। इस अवसर पर ननकौड़ी की मुख्य जनजातीय कैप्टन आयशा मजीद, कमोर्टा के सी.टी.सी चार्ल्स जैकब, बी.डी.ओ मोहम्मद यूनुस एम. सहित तमाम जनजातीय समूह उपस्थित रहें।

**<><><><><><>**

पोक्काडेरा पंचायत भवन में पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन की अध्यक्षता में एक जन सुनवाई बैठक आयोजित की गई, जिसमें डिगलीपुर के एस.डी.पी.ओ अंकेश यादव और मायाबंदर पुलिस थाना के एस. एच.ओ भी शामिल थे। बैठक में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों सहित स्थानी निवासियों ने भागीदारी की। इस अवसर पर नशीली दवाओं का दुरुपयोग, शराब पीकर गाड़ी चलाना, सड़कों की खराब स्थिति, एस.टी.एस बसों के अतिरिक्त फेरों की मांग, आवारा पशुओं का खतरा, स्पीड ब्रेकर का निर्माण, ट्रैफिक पार्क की स्थापना, नशा करने वालों के लिए परामर्श और उचित पार्किंग व्यवस्था की आवश्यकता शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को उचित रूप से हल करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों से संबंधित जानकारी अपने नज़दीकी पुलिस स्टेशन से साझा करें। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी और उन्हें उचित पुरस्कार भी दिया जाएगा।

**<><><><><><>**

अंडमान–निकोबार राज्य शतरंज चैंपियनशिप – दो हजार पच्चीस श्री विजयपुरम स्थित मरीन हॉल में सम्पन्न हो गई। तीन दिनों तक चली इस शतरंज प्रतियोगिता में विभिन्न द्वीपों से दो सौ सत्तर खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंतिम दिन के खेलों का औपचारिक उद्घाटन जहाजरानी सेवा के निदेशक कमांडर विजय कुमार ने किया और प्रतिभागियों को सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शतरंज खिलाड़ी ललित बी. प्रतियोगिता के चैम्पियन बने जबकि एस. विराट ने प्रथम और यशवंत ने तीसरा स्थान हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ए.एन.सी.ए के संरक्षक जी. भास्कर उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित किया और युवा प्रतिभाओं को खेल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। चैंपियनशिप के शीर्ष बीस खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी, नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शीर्ष चार खिलाड़ियों को अगले महीने आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली आगामी बासठवीं राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप दो हजार पच्चीस में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है।

**<><><><><><>**

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह बैडमिंटन संघ के सहयोग से दक्षिण अंडमान की जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप तेइस से पच्चीस अगस्त तक राजधानी श्री विजयपुरम में आयोजित की जाएगी। इस दौरान राज्य ओपन चैंपियनशिप और राष्ट्रीय भागीदारी के लिए चयन ट्रायल भी आयोजित किए जाएँगे। इच्छुक खिलाड़ी एवं टीमें अपना पंजीकरण राज्य ओलंपिक संघ कार्यालय, नेताजी स्टेडियम में इक्कीस अगस्त शाम पाँच बजे तक करा सकते हैं।

**<><><><><><>**